दिनांक 18 फरवरी 2023 **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

टैक्स वसूली में बढ़ोतरी करने भिलाई निगम के सभागार हुई में बैठक, कर्मचारियों को भी दिया गया प्रशिक्षण, प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी बैठक में रहे मौजूद

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में टैक्स वसूली को लेकर बैठक की गई , जिसमें विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इसके साथ ही नई एजेंसी श्री साई पब्लिक स्टेशनर्स के कर्मचारी भी शामिल हुए। इन सभी को संपत्तिकर की वसूली कैसे बढ़ाया जा सकता है, इसके बारे में टिप्स दिए गए। टैक्स वसूली के लिए हर पहलुओं को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षित किया गया। गौरतलब है कि निगमायुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर संपत्तिकर की बढ़ोतरी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं , जिसके तहत प्रशिक्षण आयोजन तथा समीछा बैठक किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, उपायुक्त नरेंद्र कुमार बंजारे एवं रमाकांत साहू, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, धर्मेंद्र मिश्रा, दिलीप कुर्वे तथा श्री साई पब्लिक स्टेशनर्स व निगम के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में एजेंसी के द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा भी की गई। बताना जरूरी है कि मुख्य कार्यालय सहित सभी जोन में नई एजेंसी के द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं और टैक्स वसूली की कार्रवाई की जा रही है। सोमवार से संपत्तिकर की वसूली के लिए एजेंसी के द्वारा डोर टू डोर टैक्स कलेक्शन को लेकर चर्चा की गई। एजेंसी को निर्देशित किया गया है कि वह जल्द से जल्द सभी प्रकार के टैक्स वसूली पूरा करें। निगम के द्वारा प्रदान किए गए लक्ष्य के अनुसार 100% टैक्स वसूली करें। कर्मचारियों को आई कार्ड के साथ ही वसूली करने कहा गया है। डोर टू डोर सर्वे कार्यों की समीक्षा भी की गई एजेंसी के द्वारा कितने वार्डों का अब तक सर्वे किया जा चुका है इसकी रिपोर्ट मांगी गई है।